भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3877

21 दिसंबर, 2021 को उत्तरार्थ

विषय: मक्का की खरीद

3877. श्री नकुल के. नाथ:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि संघ सरकार के राज्य सरकारों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 1,870 रुपये प्रति क्विंटल पर किसानों से मक्का खरीदने के निर्देश के बावजूद मध्य प्रदेश सरकार किसानों से मक्का नहीं खरीद रही है, जिससे वे अपनी उपज को 1,000-1,200 रुपये प्रति क्विंटल के बीच बेचने के लिए बाध्य हो रहे हैं एवं इससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है; और

(ख) क्या सरकार के पास मध्य प्रदेश के किसानों के हितों की रक्षा के लिए मध्य प्रदेश सरकार को किसानों से 1870 रुपये एमएसपी पर मक्का खरीदने के लिए नए निर्देश जारी करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं उस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) और (ख): विद्यमान दिशा-निर्देशों के अनुसार, भारत सरकार राज्य सरकारों से प्राप्त खरीद योजना के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मोटे अनाज की खरीद हेतु अनुमति प्रदान करती है। खरीद को प्रोत्साहित करने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य कल्याणकारी योजना में मोटे अनाजों के वितरण के लिए सरकार समय-समय पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को विभिन्न परिपत्र जारी कर रही है।

******